पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,उत्तर प्रदेश

# मुख्यमंत्री ने गुरु नानक जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

## गुरु नानक देव जी ने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की : मुख्यमंत्री

**लखनऊ : 04 नवम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुरु नानक जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

आज यहां जारी एक सन्देश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का सामाजिक सद्भाव का संदेश भारत की सनातन परम्परा का अंग है। गुरु नानक देव जी एक युग दृष्टा समाज सुधारक थे, जिन्होंने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की। गुरु नानक देव जी भक्ति की पराकाष्ठा थे। उनकी वाणियों की सच्चाई और लोक कल्याण का भाव आज भी हम सभी का मार्गदर्शन कर रहा है।

————————

***PN-CM-Guru Nanak Jayanti Greetings-04 November, 2025***